Gyansthali Public School
By- Pass, Miranpur, Distt- Muzaffarnagar, UP- 251315
Senior Secondary, Affiliated to CBSE, New Delhi
Affiliation No- 2130790, Cont: 9520035502

GPS/GEN/2021 26.03.2021

# आवश्यक सूचना- परीक्षा परिणाम

प्रिय अभिभावक,

सत्र 2020-21 का समय चुनौतियों से भरपूर रहा है । स्कूल द्वारा बच्चों के शिक्षण कार्य को सुचारु रखने का सफल प्रयास किया गया और इस काम में हमें अभिभावकों का जो सहयोग प्राप्त हुआ है, उसके लिए हम आपके आभारी हैं । शैक्षिक सत्र 2020-21 का परीक्षा परिणाम बहुत ही शीघ्र घोषित होने जा रहा है । आप सभी से अनुरोध है कि कृपया अपने स्कूल ऐप पर आने वाले संदेशों को अवश्य देखें । नए सत्र एवं रिज़ल्ट संबंधी निम्नांकित बातों पर कृपया ध्यान दें-

1. परीक्षा परिणाम स्कूल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन घोषित किया जाएगा ।
2. परीक्षा परिणाम केवल उन बच्चों का जारी होगा जिनकी पूरी स्कूल फीस जमा है ।
3. नया सत्र 1 अप्रैल 2021 से प्रारम्भ होगा । यदि सरकार द्वारा पुनः लॉकडाउन लगाया जाता है, तो भी नया सत्र 1 अप्रैल 2021 से ही प्रारम्भ होगा और बच्चों की कक्षाएँ ऑनलाइन चलाई जाएंगी ।
4. अभिभावकों से अनुरोध है कि बच्चों की किताबें इत्यादि बाजार से ले लें ताकि उनकी पढ़ाई सुचारु रूप से चल सके ।
5. स्कूल में बच्चों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाता है, आपसे भी अनुरोध है कि बच्चों को मास्क, सेनीटाइज़र, 2 गज दूरी के महत्व को बार बार समझाते रहें व उसका अनुपालन भी कराएं ।

बच्चे हमारी सबसे बड़ी पूँजी हैं, इनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास का ख्याल रखना हर माता-पिता एवं शिक्षकों की ज़िम्मेदारी है । इसलिए अपना कृतव्य समझते हुए बच्चों के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को अच्छे से निर्वहन करें ।

एक बार पुनः आपके सहयोग के लिए आभार ।

सादर

दीपक कुमार धीमान

प्रधानाचार्य